# कांग्रेस सरकार थोथे वादों पर खड़ी है : नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़

## केन्द्र सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर महासम्पर्क अभियान के तहत प्रेस वार्ता

**चूरू, (कासं)।** राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा है कि कांग्रेस सरकार थोथे वादों पर खड़ी है। मुख्यमंत्री गहलोत ने अपने विरोधियों को अच्छे से निपटाया है। राठौड़ आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के शासन के 9 वर्ष पूर्ण होने पर महासम्पर्क अभियान कार्यक्रम के तहत स्थानीय जैन गेस्ट हाउस में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

यहां राठौड़ ने केन्द्र सरकार के द्वारा की जा रही लोककल्याणकारी योजनाओं के संदर्भ में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जो गौरवपूर्ण 9 वर्ष हुऐ है, इन 9 वर्ष में देश ने ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की है। राठौड़ ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को आडे हाथ लेते हुए कहा कि साढ़े चार साल उन्हें बहनें याद नहीं आई, अब बहनें याद आ रही है।

राठौड़ ने कहा कि जब कुर्सी के पाए हिलते हैं तो महंगे से महंगा वकील आता है। जबकि सरकार की लचर कार्यवाही के कारण बम ब्लास्ट के आरोपी बरी हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि यहां जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार का ताण्डव हुआ है। कोयला खरीद में भ्रष्टाचार हुआ है। सासंद राहुल कस्वां ने कहा कि अशोक गहलोत रेवड़ियां बांट रहे हैं। कस्वां ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दूरदर्शी बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश आज सिरमोर बन गया है। कस्वां ने कहा कि चूरू लोकसभा क्षेत्र में केन्द्र सरकार के सहयोग से बहुत सारे विकास कार्य हुए हैं। राज्यसभा सासंद सुरेन्द्रसिंह नागर ने कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए महाअभियान चलाया गया है। नागर ने कहा कि मोदी देश में रोजगार देने वाली नई शिक्षा नीति लाए हैं।

उन्होंने कहा कि मोदी ने देश का मान-सम्मान बढ़ाने का काम किया है।



चूरू में महासम्पर्क अभियान कार्यक्रम के तहत नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ सहित भाजपा नेताओं ने पत्रकारों से वार्ता की।

■ सांसद राहुल कस्वां ने किसानों की दशा और दिशा सुधारने के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया

इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री सीआर चौधरी, पूर्व सांसद पुष्प जैन, विधायक अभिनेष महर्षि, जिलाध्यक्ष धर्मवीर पुजारी, पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. वासुदेव चावला, बसंत शर्मा, जिला महामंत्री नरेन्द्र कंवल, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक चोटिया, चन्द्राराम गुरी, सत्तार खान, जिला मंत्री सुशील लाटा, कुंभाराम ढुकिया, मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत व दीनदयाल सैनी, मनोज भाणेज, जिला सौशल मीडिया संयोजक रमेश शर्मा, सहसंयोजक सुरेश मिश्रा, नोमान खान, मण्डल महामंत्री सीपी शर्मा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष गोपाल बालाण, जिला मीडिया सहसंयोजक राजीव शर्मा, लोकेश सैनी, रजत शर्मा, निरंजन सैन, जिला मीडिया संयोजक रवि दाधीच, मनोज तंवर, प्रशांत शर्मा आदि सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 170 किलो गांजे की खेप पकड़ी, पांच तस्कर गिरफ्तार

## विशाखापट्टनम से गांजा यहां लाया गया था



पुलिस ने 170 किलो गांजा सहित तस्करों को गिरफ्तार किया।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले की गंगापुर थाना पुलिस ने सीआईडी सीबी के निर्देशन में बड़ी कार्रवाई करते हुए कांगनी गांव के पास 170 किलो गांजा पकड़ा, पांच तस्करों को गिरफ्तार किया, तीन वाहनों को जप्त किया।

गंगापुर थाना प्रभारी नरेंद्र जैन ने बताया कि डीजे उमेश मिश्रा व एडीजी क्राइम एमएन दिनेश के दिशा निर्देशन में सुदर्शन अभियान के तहत कार्रवाई की गई। कांगनी भोली खेड़ा के निकट 2 कार ब्रेजा व स्विफ्ट में रखा हुआ 170 किलो गांजा पकड़ा गया। विशाखापट्टनम से गांजे का खेप यहां लाया गया था। दो कारों के साथ पुलिस ने एक मोटरसाइकिल को भी जप्त किया। गांजा तस्करी के पांच आरोपी राजेंद्र चौधरी निवासी झाडोल, लोकेश जाट निवासी केमुनिया थाना रायपुर, संजू जाट निवासी चीड़ खेड़ा, निर्मल आचार्य निवासी लखोला थाना गंगापुर व शिव लाल जाट निवासी काबरी महादेव थाना कुवारिया को गिरफ्तार किया गया। गंगापुर थाना टीम थाना प्रभारी नरेंद्र जैन, कांस्टेबल निरंजन कुमार, विजय सिंह, हेड कांस्टेबल महावीर सिंह द्वारा कार्रवाई की गई।

# हैड कांस्टेबल ने 12 साल पहले ली थी रिश्वत, अब मिली सजा

**भीलवाड़ा, (निसं)।** एसीबी कोर्ट के न्यायाधीश राकेश कटारा ने 12 साल पहले 10 हजार रुपये की रिश्वत लेने वाले आसींद थाने के तत्कालीन हैड कांस्टेबल चांद सिंह को 4 साल की सजा और 15 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया।

विशिष्ट लोक अभियोजक कृष्णकांत शर्मा ने बताया कि मांडल थाने के कबराडिया गांव के राकेश कुमार पुत्र भगवतीलाल जोशी ने 6 जून 2011 को एसीबी एएसपी राजेंद्रसिंह सिसोदिया को लिखित प्रार्थना पत्र पेश किया कि भैंरूलाल बलाई नामक व्यक्ति ने आसींद थाने में रिपोर्ट दी कि उसकी लड़की को नंदलाल गुर्जर लेकर चला गया। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दी। साथ ही भैंरूलाल ने पुलिस अधीक्षक को भी एक रिपोर्ट दी, जिसमें नंदलाल गुर्जर के साथ परिवादी राकेश जोशी का झूंठा नाम भी दर्ज करवा दिया था। इस रिपोर्ट पर जांच आसींद थाने के दीवान चांदसिंह के जिम्मे हुई। भैंरूलाल बलाई ने समझौता कर रिपोर्ट दी कि उसकी बेटी घूमने गई थी, उसे कोई नहीं ले गया था। एसीबी के परिवादी राकेश ने शिकायत में बताया कि थाने में दी शिकायत में उसका नाम होने के कारण दीवान चांद सिंह ने नाम निकालने एवं कोई कार्रवाई नहीं करने की एवज में उससे 20 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहे हैं। जोशी ने शिकायत में कहा कि वह दीवान सिंह को रिश्वत नहीं देना चाहता। इस शिकायत पर सत्यापन करवाया गया।

परिवादी ने एसीबी को बताया कि सत्यापन के दौरान दीवान ने उसी दिन रिश्वत लेने व नोट एटीएम से निकाल कर लाने की परिवादी को हिदायत दी। इस पर एसीबी ने ट्रैप की कार्रवाई के लिए परिवादी को 500-500 के 19 व 100-100 रुपये के 5 नोट, दस हजार रुपये देकर दीवान के पास भेजा। परिवादी राकेश जोशी आसींद थाने गया, जहां उसने रिश्वत राशि देने के बाद एसीबी को संकेत दिया।

एसीबी टीम मौके पर पहुंची और बैरक में बक्से के नीचे अखबार में लपेट कर रखी गई रिश्वत राशि बरामद कर दीवान चांद सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। एसीबी ने मामले में तफ्तीश के बाद एसीबी कोर्ट में चार्जशीट पेश की। विशिष्ट लोक अभियोजक शर्मा ने कहा कि इस मामले में सुनवाई पूरी होने पर न्यायालय ने सोमवार को फैसला सुनाते हुये दीवान चांद सिंह को 4 साल की सजा और 15 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया।

## महिला ने गर्म तेल सास पर डाला

**बीकानेर, (निसं)।** एक महिला ने अपनी सास पर सरसो का गर्म तेल फैंक दिया, जिससे वो झुलस गई। इलाज के लिए पीबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। इस संबंध में जयनारायण व्यास कॉलोनी थाने में एफआईआर दर्ज करवाई गई है।

पुलिस में रिपोर्ट देते हुए आरोपी महिला के पति मोहम्मद लतीफ ने आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी सिमरन ने गुस्से में आकर मां को जान से मारने की नियम से सरसो का गर्म तेल उस पर फैंक दिया। ऐसे में मां गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे तुरंत पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। ये परिवार खान कॉलोनी में रहने वाला है। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा है। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 307 और 324 के तहत मामला दर्ज किया है।

# 38 ट्रक ट्रेलर किराए पर लेकर कबाड़ी को बेचने का मामला सामने आया

## इतनी बड़ी मात्रा में ट्रक के गायब होने की सूचना पर पुलिस प्रशासन भी सकते में आ गया

■ जीपीएस के माध्यम से ट्रक के गायब होने के स्थान तक पीछा किया तथा उस लोकेशन पर पहुंच गए जहां पर कबाड़ी उन ट्रकों के टुकड़े-टुकड़े कर रहा था

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के रायला थाना क्षेत्र से 38 ट्रक ट्रेलर मालिक एक परिवाद लेकर रायला थाने में पहुंचे। रायला थाना प्रभारी सुनील चौधरी ने बताया कि पीड़ित ट्रक, ट्रेलर मालिकों से हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड चंदेरिया में किराए पर लगाने के बहाने राम चंद्र पांड्या ने किशन लाल गाडरी से बात करवाई तथा किशन लाल गाडरी ने ही किराए के लिए लेकर ट्रकों को गुजरात के राजकोट में जमील कबाड़ी के यहां पर बेच दिया।

ट्रक मालिकों के साथ किराए के नाम पर धोखाधड़ी कर दी गई तथा ट्रक ट्रेलर गायब हो गई। रायला थाने में 38 ट्रकों की गायब होने की जानकारी आ रही है। इतनी बड़ी मात्रा में ट्रक के गायब होने की सूचना पर पुलिस प्रशासन भी सकते में आ गया। साथ ही कई ट्रक मालिक अभी रायला थाने में पहुंचकर अपनी ट्रके गायब होने की सूचना दे रहे देवीलाल गुर्जर के नेतृत्व में परिवादी रायला थाने में पहुंचे हैं और उन्होंने यहां पर रिपोर्ट प्रस्तुत की है।

पुलिस ने ट्रक, ट्रेलर गायब करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ धोखाधड़ी जालसाजी का मुकदमा दर्ज कर लिया है, पीड़ितों ने बताया कि कई दिन तक किराए पर लेकर जाने वाले ट्रकों का अता पता नहीं चलने पर जीपीएस के माध्यम से ट्रक के गायब होने के स्थान तक पीछा किया तथा उस लोकेशन पर पहुंच गए जहां पर कबाड़ी उन ट्रकों के टुकड़े-टुकड़े कर रहा था। इस बात का ध्यान कबाड़ी को नहीं था कि मामले का खुलासा हो जाएगा। लेकिन जीपीएस से ट्रैक करने वालों ने मामले का खुलासा कर दिया और पुलिस की राह भी आसान कर दी। गुजरात पुलिस से रायला थाने की पुलिस बातचीत चल रही है रायला से टीम गठित कर गुजरात के लिए भेजी गई है। मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# पट्टे के लिए परिवादी नगर परिषद के काट रहे चक्कर

## परिषद के कर्मचारियों से पट्टे की फाइल ढूंढकर पट्टा बनाने की मांग की

**सुजानगढ़, (निसं)।** नगरपरिषद से पट्टा बनाना आम आदमी के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। वार्ड 24 निवासी विक्की बागरेचा द्वारा एक साल पहले पट्टे के लिए किये गये आवेदन के बाद भी उनका पट्टा नहीं बन पा रहा है।

विक्की बागरेचा ने बताया कि उन्होंने 30 जून 2022 को नगरपरिषद में पट्टे की फाइल जमा करवाके रसीद कटवाई थी। उसके बाद से ही नगरपरिषद में उनकी फाइल नहीं मिल रही है। बागरेचा ने बताया कि वे भीलवाडा में रहकर अपना व्यवसाय करते है। पट्टे के लिए कई बार सुजानगढ नगरपरिषद में आ गये हैं लेकिन उन्हें अधिकारियों द्वारा फाइल नहीं मिलने का जबाव दिया जाता है। भाजपा पार्षद दीनदयाल पारीक ने बताया कि वे वार्ड के विक्की बागरेचा की पट्टे की फाइल के लिए सभापति, आयुक्त सहित अधिकारियों को कह चुके है लेकिन उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।

दुसरी और कई कांग्रेसी पार्षदों के हाथों में पट्टो की पत्रवालियां देखने को मिलती है। जबकि नगरपरिषद में स्पष्ट रूप से लिखा है कर्मचारी के अलावा अन्य व्यक्ति पट्टे की फाइल नहीं लेकर घूम सकता। पार्षद दीनदयाल पारीक ने आरोप लगाते हुए कहा कि नगरपरिषद में कुछ चुनिंदा लोगों पैसे लेकर लोगों के धड्ल्ले से पट्टे बना रहे हैं। पारीक ने कहा कि नगरपरिषद में पट्टो के खेल से परेशान होकर वे मजबूरन धरना प्रदर्शन करेंगे। विक्की बागरेचा ने नगरपरिषद के कर्मचारियों से पट्टे की फाइल ढूंढकर पट्टा बनाने की मांग की है।

## शिक्षकों ने जताया विरोध

**बीदासर, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर सोमवार को शिक्षक संघ शेखावत के बैनर तले शिक्षकों ने गैर शैक्षिणक कार्यों में लगाने का विरोध जताते हुए मुख्यमंत्री गहलोत के नाम एसडीएम रमेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान शिक्षकों ने एसडीएम कार्यालय पर नारेबाजी कर विरोध-प्रदर्शन किया और बीएलओ के कार्य के बहिष्कार की चेतावनी दी। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि शिक्षकों की जायज मांगों का निस्तारण करते हुए उन्हें संतुष्ट किया जाए, शैक्षिक ढांचे को मजबूत करने के लिए शिक्षकों को कक्षा-कक्षों में पढाने दिया जाए, सभी गैर शैक्षिणक कार्यों से उन्हें मुक्त किया जाएं। अन्यथा मजबूरन बीएलओ कार्य का बहिष्कार किया जाएगा।

## कार में जा रहे युवक पर हमला

**खाजूवाला, (निसं)।** यहां देर रात को खाजूवाला थाना क्षेत्र के केवाईडी सड़क पर कैंपर गाड़ी में सवार होकर आए कुछ अज्ञात हमलावरों ने एक युवक की कार रुकवाकर जानलेवा हमला बोल दिया वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसी दौरान आम सड़क से ढाणी जा रहे एक मोटरसाइकिल सवार ने रुक कर झगड़े के बीच-बचाव किया तो अज्ञात हमलावरों ने उस पर भी जानलेवा हमला बोल दिया। इससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

हालांकि हमलावर दोनों युवकों को मारपीट के बाद अधमरा कर भाग छूटे। ग्रामीणों ने दोनों घायलों को सीएचसी खाजूवाला में इलाज के लिए पहुंचाया। सूचना पर खाजूवाला के कार्यवाहक एसएचओ महेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मौका मुआयना किया।

वहीं 12 केवाईडी के प्रत्यक्षदर्शियों व ग्रामीणों के अनुसार हरियाणा नंबर की एक कैंपर में सवार आधा दर्जन लोगों ने कार के आगे पहले कैंपर गाड़ी लगाई। फिर पीछे कर कैंपर से कार को टक्कर मारी। इसके बाद कैंपर से उतरकर अज्ञात हमलावरों ने कार सवार पर रॉड से जानलेवा हमला बोल दिया। इससे कार सवार 12 केवाईडी निवासी विजय कुम्हार के गंभीर चोटें आई और हाथ पैर दोनों फैक्चर हो गए। उसी दौरान सड़क पर मोटरसाइकिल लेकर जा रहे राहगीर ने बाइक रोककर बीच बचाव करने की कोशिश की तो अज्ञात हमलावरों ने उस पर भी हमला बोल दिया।

## हिस्ट्रीशिटर गब्बर मीणा गिरफ्तार

**करौली, (निसं)।** पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के सुपरविजन में ऑपरेशन गार्जियन के तहत सोशल मीडिया पर हथियार लहराने वाला हिस्ट्रीशीटर गब्बर पाटोरन को अवैध हथियार सहित सदर थाना पुलिस गिरफ्तार किया।

सदर थाना प्रभारी कृपाल सिंह ने बताया कि तकरीबन 20 दिन पूर्व जेल से जमानत पर रिहा होकर बाहर आया हिस्ट्रीशीटर गब्बर सोशल मीडिया पर सरेआम हथियार लहरा कर आमजन में दहशत फैलाने की कोशिश कर रहा था। जिला सोशल मीडिया टीम कि सक्रियता से थानाधिकारी सदर करौली कृपाल सिंह ने अवैध देसी कट्टा 315 बोर और दो जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया।

# आहोर में बजरी रॉयल्टी के ठेकेदार के सात जने गिरफ्तार




जालोर जिले के आहोर पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में सात जनों को गिरफ्तार किया।

**जालोर, (कासं)।** जालोर जिले के आहोर पुलिस ने सोमवार को सात जनों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। पुलिस ने बजरी ठेकेदारों के व्यक्तियों पर कार्यवाही की है। उक्त आरोपी आहोर बाजार में ट्रैक्टर पकड़ने को लेकर लोगों में भय उत्पन्न कर रहे थे।

जालोर पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन के निर्देशानुसार जिले में बदमाशन एवं आपराधिक गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत आहोर थानाधिकारी माणकराम के निर्देशन में पुलिस टीम को सूचना मिली कि बजरी चोरी रोकने के लिए ट्रेक्टर वालों को पकड़ने के बहाने व्यस्तम बाजार में रॉयल्टी ठेकेदार के व्यक्तियों ने अफरा-तफरी मचा भय का माहौल बना दिया है। इस सूचना पर कार्यवाही के लिए पुलिस टीम खालसा बस स्टेण्ड कस्बा आहोर पर पहुंच कर देवेश (22) पुत्र सीयाराम सिहं निवासी नगला कमाल पीएस खेरागढ जिला आगरा(उप्र), अमन (19) परमार पुत्र धरेन्द्र परमार निवासी भरकुंजरा पीएस नादनपुर जिला धोलपुर, विनायक सिंह (27) पुत्र जितेन्द्रसिह निवासी साबता पीएस नान्दोली जिला करौली, मुकेशपाल (34) पुत्र भंवरपाल निवासी बाढ दुल्हेलाल पीएस कुडगांव जिला करौली, राजकुमार (32) पुत्र दौलतसिंह निवासी मीठारी पीएस बयाना जिला भरतपुर, कृष्ण कुमार (21) पुत्र सत्येन्द्रसिंह निवासी साबता पीएस नान्दोली जिला करौली एवं हरेन्द्रसिह (19)पुत्र नरेन्द्रसिंह निवासी आयराखेडा पीएस राया जिला मथुरा(उप्र) को कस्बे की शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया।

## हादसे में बाइक सवार की मौत

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर के सेवर थाना क्षेत्र में बाइक के सामने अचानक आवारां गौवंश आ जाने से खाटूश्याम दर्शन कर लौट रहे एक व्यक्ति की मौत हो गई। जिस पर पुलिस ने मृतक के शव का जिला आरबीएम अस्पताल मोर्चरी में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसान बरेली निवाासी राजीव बरेली से बाइक पर खाटूष्याम जी के दर्षन के लिए गया था। वहां से दर्शन कर वापस अपने घर को बाइक से लौट रहा था। जहां रास्ते में सेवर थाना क्षेत्र के लुधावई टोल के समीप उसकी बाइक के आगे अचानक आवारां गौवंश आ गया। जिससे राजीव की मौत हो पुलिस ने राजीव को जिला आरबीएम अस्पताल पहुचाया जहां चिकित्सकों ने राजीव को मृत घोषित कर दिया। जिस पर मृतक के शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। जहां मृतक के परिजनों के आने पर शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## महिलाओं ने भरी ईआरसीपी की हुंकार

**मंडावरी, (निसं)।** क्षेत्र की महिला किसान एवं प्रमुख समाजसेवी राजेश्वरी देवी मीणा को ईस्टर्न कैनाल परियोजना ईआरसीपी में बांधव एवं जल स्त्रोतों को जोड़ने के लिए निकाली जा रही जागरूक यात्रा में ग्रामीण महिला किसानों द्वारा हुंकार भरी गई एवं एक महिला किसान एवं ग्रामीण महिलाओं का बड़ा-बड़ा लामबंद हुआ है।

जबसे ईस्टर्न कैनाल परियोजना में पूर्वी राजस्थान के प्रमुख जल स्त्रोत बांध आदि को नहीं जोड़े जाने एवं उनके छूटे होने की जानकारी मिली तो क्षेत्र की प्रमुख महिला समाजसेवी द्वारा पूर्वी राजस्थान के छूटे हुए जल स्त्रोतों को ईस्टर्न कैनाल परियोजना में जोड़ने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए जन आंदोलन की शुरुआत की गई। मौजूदा समय में प्रमुख महिला समाजसेवी राजेश्वरी देवी द्वारा इस मुहिम में लगे पदाधिकारियों के साथ रोज लंबी रेल जन जागरूकता रैली निकालकर नुक्कड़ सभाएं कर लोगों में ईस्टर्न कैनाल परियोजना में छूटे जल स्त्रोतों को जोड़ने के लिए लामबंद होने की अलख जगाई जा रही है।

महिला समाजसेवी राजेश्वरी ने बताया कि पूर्वी राजस्थान के स्तन कैनाल परियोजना में छूटे हुए जल स्त्रोतों एवं छोटे बड़े बांधों को जोड़ने के लिए वे मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक खुद के ज्ञापन पहुंचा चुकी है। उनका कहना है कि उनका मुख्य लक्ष्य इस मामले को लेकर कोई राजनीति करने का नहीं है केवल पूर्वी राजस्थान में ईस्टर्न कैनल परियोजना से छोटे छोटे मोटे जल स्त्रोतों को जोड़ना है ताकि क्षेत्र में किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिल सके एवं इन छोटे बड़े बांधों मैं इस परियोजना से पानी उपलब्ध होने के बाद क्षेत्र में पेयजल की कमी से जूझ रहे ग्रामीणों को जलस्तर बढ़ने से पेयजल का भी समाधान मिल सके।

# अधिकारियों पर भड़के सांसद बालकनाथ

**अलवर, (निसं)।** अलवर जिला परिषद में दिशा की मीटिंग आयोजित की गई। इस दौरान अलवर सांसद महंत बालक नाथ योगी ने जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों से जनहित के मुद्दों के संबंध में प्रगति रिपोर्ट मांगते हुए लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।

इस संबंध में अलवर सांसद ने जानकारी देते हुए बताया कि अलवर शहर सहित संपूर्ण जिले में पेयजल आपूर्ति पर्याप्त रूप से नहीं हो पा रही है जिससे स्थानीय जनजीवन बिल्कुल अस्त व्यस्त हो चुका है। इस संबंध में जलदाय विभाग से जवाब तलब करते हुए राजस्थान सरकार द्वारा घोषित चंबल के पानी और ईसरदा बांध को लेकर जवाब मांगा जिस पर अधिकारियों की तरफ से किसी भी तरह कि कोई डीपीआर नहीं बनने की बात सामने आई, वहीं अलवर शहर के पिछले 2 वर्ष में अलवर शहर में कितने ट्यूबवेल लगाए गए हैं कहां लगाए गए हैं कितने ड्राई निकले हैं इस संबंध में अधिकारियों से कोई जवाब नहीं मिल पाया। साथ ही जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत मुंडावर व मालाखेड़ा में गांव में घटिया पाइप लाइन खरीद घोटाला, पानी की टंकी मिट्टी परीक्षण क्षमता की हेरा फेरी पर बड़ा सवाल उठाते हुए जलदाय विभाग के एसई और एक्सईएन पर कार्यवाही की मांग की गई। इसके अतिरिक्त अलवर जिला कलेक्टर से ढांढोली एमआईए ढहलावास (सरिस्का) व रामगढ़ विधानसभा भूमि आवंटन सहित संपूर्ण अलवर जिले में आवासीय भूमि कन्वर्जन के मामले में पिछले वर्षों के रिकॉर्ड पेश करने के निर्देश दिए। वहीं बहरोड नगर पालिका के पिछले 4 वर्ष का आय व्यय का स्पष्ट ब्यौरा मांगते हुए बहरोड जिला अस्पताल के संबंध में उपलब्ध आधी अधूरी जानकारी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए, तुरंत प्रभाव से संपूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि बार-बार ईओ नगर पालिका से जवाब मांगा जा रहा है लेकिन वह ना तो स्वयं बैठकों में उपस्थित रहते हैं और ना ही कोई स्पष्ट जवाब दे रहे हैं।

बैठक के दौरान उनके द्वारा जिला परिषद स्तर पर सांसद निधि से 6 करोड़ 12 लाख के 114 लंबित विकास कार्यों के संबंध में सवाल पूछते हुए 16 व 17 वीं लोकसभा के दौरान जारी सांसद निधि समायोजन के संदर्भ में निर्देश देते हुए अभी तक सांसद निधि से किए जा चुके कुल कार्यों के संबंध में जवाब मांगा गया। उन्होंने प्रधानमंत्री के 9 वर्ष के कार्यकाल के दौरान अलवर जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना व शौचालय के निर्माण की वर्ष वार जानकारी मांगी गई। इस दौरान अलवर सांसद ने विभिन्न विभागों के जिम्मेदार अधिकारियों को ईमानदारी पूर्वक जनहित के कार्य करने की नसीहत दी।

# अम्बेडकर भवन के लिए भूमि दान

**सुजानगढ़, (निसं)।** शहर के भोजलाई बास निवासी भामाशाह रूकमणी देवी पत्नी चम्पालाल तिवाडी, बिरमाराम देवी पत्नी सांवरमल बोहरा ने भोजलाई गांव में बेशकीमती दो हजार गज भूमि भाजपा नेता हंसराज नायक, राजकुमार बोहरा की प्रेरणा से अम्बेडकर भवन के लिये दान की। सोमवार को तहसील कार्यालय में गुलेरिया सरपंच प्रतिनिधि करणी सिंह, ग्राम विकास अधिकारी भंवर सिंह शेखावत, उप सरपंच दुर्गाराम ज्याणी की मौजूदगी में तहसीलदार प्रवीण कुमार को जमीन के कागजात सौंपे।

सरपंच प्रतिनिधि करणी सिंह ने बताया कि भोजलाई गांव में केन्द्र सरकार द्वारा अम्बेडकर भवन बनाना प्रस्तावित है। जिसको लेकर भामाशाह तिवाड़ी व बोहरा परिवार के सुनील कुमार व संतोष तिवाडी द्वारा भूमि दान कर गांव के लिए अतुलनीय कार्य किया गया है। तहसीलदार प्रवीण सैनी व करणी सिंह ने भामाशाह परिवार का आभार जताया।